दिन— मंगलवार दिनांक— 21 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. राजधानी पटना समेत प्रदेश का दक्षिणी और उत्तर—पश्चिमी हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में। पारा सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक ऊपर पहुंचा।

02. प्रदेश में जनगणना दो हजार सत्ताईस के तहत अब तक तीन लाख अट्ठाईस हजार लोगों ने स्व—गणना में भाग लिया। एक मई तक चलेगी स्व—गणना की प्रक्रिया।

03. राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व कर्मियों का निलंबन रद्द करने का निर्देश जारी किया।

04. और, राजगीर में खेले जा रहे सीनियर नेशनल रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप के पुरूष वर्ग में बिहार की शानदार शुरूआत। गुजरात, तेलंगाना और दिल्ली को पराजित कर लगायी जीत की हैट्रिक।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश का दक्षिणी और उत्तर—पश्चिमी हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में है। कल मोतिहारी और नालंदा में लू की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक ऊपर चला गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान तैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं कैमूर का अधिकतम तापमान तैंतालीस डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बक्सर, गयाजी, नालंदा, शेखपुरा, अरवल, जीरादेई, सासाराम, पटना और मोतिहारी का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस से बयालीस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस के बीच रिकॉर्ड किया गया है।

मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान राज्य के उत्तर—पश्चिमी, दक्षिण—पश्चिमी और दक्षिण—मध्य भागों में अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान सामान्य से दो से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक बने रहने की सम्भावना है। वहीं, राज्य के उत्तर—पूर्वी जिलों पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज और अररिया में कुछ स्थानों पर आज तेज हवा के साथ हल्की बारिश की सम्भावना है। इस दौरान वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

———साउंड बाईट———

इस बीच, पटना और गया जिला प्रशासन ने भीषण गर्मी को देखते हुये सभी सरकारी और निजी स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। पटना में आज से

पच्चीस अप्रैल तक जबकि गया में तीस अप्रैल तक वर्ग पांच तक की कक्षाएं दोपहर बारह बजकर तीस मिनट तक ही संचालित होंगी। यह आदेश प्री–स्कूल, कोचिंग संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर भी लागू होगा।

————————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज दिल्ली जाएंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद श्री चौधरी की यह पहली दिल्ली यात्रा होगी। उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत एनडीए के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात का कार्यक्रम है।

————————————————————

प्रदेश में जनगणना दो हजार सत्ताईस के तहत स्व–गणना का काम सुचारू रूप से जारी है। अब तक तीन लाख अट्ठाईस हजार लोगों ने स्व–गणना में भाग लिया है। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कल पटना में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी जिलों में स्व–गणना कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य में पिछड़े जिलों को एक सप्ताह में स्व–गणना कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि राज्य में स्व–गणना की प्रक्रिया एक मई तक चलेगी।

————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व कर्मियों का निलंबन रद्द करने का समाहर्ताओं को निर्देश दिया है। विभाग के अपर सचिव डॉक्टर महेन्द्र पाल ने इस संबंध में सभी समाहर्ताओं को पत्र निर्गत किया है। पत्र में कहा गया है कि ग्यारह फरवरी से उन्नीस फरवरी तक जिन राजस्व कर्मियों को निलंबित किया गया है, उनका निलंबन वापस लिया जाए। अनुशासनिक प्राधिकार के नाते जिला समाहर्ता इसके लिए सक्षम हैं।

————————————————————

मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने सभी विभागों को आगामी वित्तीय वर्ष के लिए अपनी पांच प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का चयन कर परियोजना प्रस्ताव तैयार करने को कहा है। पूंजीगत निवेश, विशेष सहायता योजना की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विभागवार परियोजनाओं की प्रगति और केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित अनिवार्य शर्तों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को पिछले वित्तीय वर्ष में उपयोग की गयी राशि का समेकित उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर जमा करने का निर्देश दिया।

————————————————————

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने राज्य के इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कालेजों से उत्तीर्ण छात्रों के लिए प्लेसमेंट के अधिक से अधिक अवसर सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। विभागीय समीक्षा बैठक में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्लेसमेंट के

लिए विभिन्न संस्थानों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित की जाय। श्री चौधरी ने विभाग की ओर से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं, आधारभूत संरचना, शिक्षकों की नियुक्ति, तारामंडल और साइंस सिटी की भी समीक्षा की।

———————————————————

प्रदेश के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पतालों का महीने में कम से कम चार बार नियमित निरीक्षण होगा। साथ ही एक बार औचक निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने के लिए नई व्यवस्था लागू की जा रही है।

———————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने ट्रैफिक चालान विवादों का निपटारा करने के लिए राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू और न्यायमूर्ति हरीश कुमार की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई करते हुये इस बारे में सरकार को जल्द अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई सत्ताईस अप्रैल को होगी।

वहीं, एक अन्य मामले में न्यायालय ने राज्य में बढ़ती मानसिक बीमारियों के मामले पर सभी संबंधित पक्षों को अब तक की गयी कार्रवाई के संबंध में आठ मई तक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है।

———————————————————

रेलवे अगले तीन महीने में देशभर में ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अठारह हजार दो सौ बासठ फेरे संचालित करेगा। यात्रियों की बढ़ती मांग, निर्बाध तथा सुविधाजनक यात्रा के लिए यह निर्णय लिया गया है। रेलवे ने बताया कि इस वर्ष पन्द्रह अप्रैल से पन्द्रह जुलाई तक कुल नौ सौ आठ ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के परिचालन को मंजूरी दी गई है।

———————————————————

भारतीय रेल ने दिव्यांगजन के लिए यात्रा नियमों में बदलाव किया है। अब दिव्यांगजन वैध विशिष्ट दिव्यांगजन पहचान पत्र के साथ मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के अनारक्षित दिव्यांग कोचों में यात्रा कर सकते हैं। रेल मंत्रालय ने कहा है कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जारी वैध दिव्यांग पहचान पत्र, यूआईडी कार्ड रखने वाले या रियायती किराए के पात्र दिव्यांगजन इन निर्धारित डिब्बों में यात्रा कर सकते हैं।

———————————————————

पूर्व मंत्री और बरारी के पूर्व विधायक मंसूर आलम का कल रात पटना में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। मंसूर आलम के निधन पर राजद अध्यक्ष

लालू प्रसाद, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

———————————————————————

नगर विकास और आवास विभाग के कर्मी भी किसी प्रतियोगी परीक्षा में एक से अधिक बार शामिल हो सकते हैं। विभाग ने सरकारीकर्मियों को सिर्फ एक बार ही किसी प्रतियोगी परीक्षा में भाग लेने संबंधी अपने पुराने आदेश को वापस ले लिया है। पुराने विभागीय आदेश में कहा गया था कि विभिन्न पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा बार–बार प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने से विभाग का महत्वपूर्ण समय नष्ट होता है। यदि कोई पदाधिकारी या कर्मी एक से अधिक बार परीक्षा में भाग लेना चाहता है, तो वह सरकारी सेवा से त्यागपत्र देने के लिए स्वतंत्र है।

———————————————————————

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, एनटीए ने इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई–मेन के दूसरे चरण के परिणाम जारी कर दिए हैं। छब्बीस छात्रों ने परफेक्ट एनटीए स्कोर परसेंटाइल सौ प्रतिशत हासिल किया है। इनमें गयाजी के शुभम कुमार भी शामिल हैं। शुभम देश में छठे स्थान पर रहते हुये बिहार टॉपर बने हैं।

———————————————————————

बिहार के चौदह मेधावी छात्रों का भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो के युविका कार्यक्रम के लिए चयन किया गया है। ये सभी छात्र नौवीं कक्षा के हैं। योजना के तहत देशभर से कुल चार सौ छप्पन बच्चों का चयन हुआ है। इस कार्यक्रम के तहत चयनित विद्यार्थी मई महीने में दो सप्ताह के आवासीय सत्र के लिए इसरो केंद्र का भ्रमण करेंगे, जहां उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियों से रूबरू होने का मौका मिलेगा। भ्रमण के दौरान ये बच्चे इसरो के वैज्ञानिकों से संवाद करेंगे और अंतरिक्ष यात्रा, उपग्रह प्रक्षेपण, विभिन्न प्रयोगशालाओं और रॉकेट टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी हासिल करेंगे।

———————————————————————

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने सिपाही तकनीकी, सिपाही पायनियर और ट्रेड्स मैन के नौ हजार एक सौ पंचानवे पदों पर नियुक्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन की अंतिम तिथि उन्नीस मई निर्धारित है।

———————————————————————

बीपीएससी द्वारा आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के तीसरे चरण की परीक्षा के दौरान छपरा स्थित साधुलाल पृथ्वी चंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केन्द्र से एक अभ्यर्थी को ब्लू टूथ डिवाइस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

---

पटना के चित्रगुप्तनगर और मुसल्लहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो अलग–अलग गोदामों में छापामारी कर सड़सठ हजार नशीली सूई और छह हजार प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किए हैं। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

---

सुपौल विद्युत कार्यालय में सोलर मेला का आयोजन किया गया। मेले का उद्‌घाटन करते हुये जिलाधिकारी सावन कुमार ने लोगों से सोलर ऊर्जा योजनाओं का लाभ उठाने और स्वच्छ तथा सतत ऊर्जा को बढ़ावा देने की अपील की।

---

राजगीर में खेले जा रहे तेरहवीं सीनियर नेशनल रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप के पुरूष वर्ग में बिहार ने जीत के साथ अपनी शुरूआत की है। बिहार की टीम ने हैट्रिक लगाकर अपने अभियान की शुरूआत की। मेजबान टीम ने पहले मैच में गुजरात को चौबीस–शून्य से पराजित किया। वहीं, दूसरे मैच में तेलंगाना को बहत्तर–दो से और तीसरे मैच में दिल्ली को सत्रह–बारह से हराया।

औरंगाबाद की मुक्केबाज नित्या पांडेय का चयन सब जूनियर एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ है। वे उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित प्रतियोगिता में बावन से पचपन किलो ग्राम भार वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी।

---

आईपीएल क्रिकेट में आज हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से खेला जायेगा। इधर, कल खेले गये एक मैच में मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटन्स को निन्यानवे रनों से हरा दिया।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– महिला सम्मान से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं।

दैनिक जागरण लिखता है– जदयू विधायक दल का नेता चुनने को नीतीश कुमार अधिकृत।

प्रभात खबर की सुर्खी है– जेईई मेन–ऑल इंडिया टॉपर में गया के शुभम भी। हासिल किया परफेक्ट सौ एनटीए स्कोर।

दैनिक भास्कर ने पश्चिम एशिया संघर्ष पर लिखा है– शांति समझौते के आसार। ट्रम्प ने होर्मुज में नाकाबंदी खत्म करने के संकेत दिये।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– राज्य के पांच जिलों में लू जैसे हालात। अगले बहत्तर घंटे में और बढ़ेगा तापमान।

आज अखबार लिखता है– तीन महीने के लिए रेलवे चलायेगी अठारह हजार दो सौ बासठ स्पेशल ट्रेनें।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. राजधानी पटना समेत प्रदेश का दक्षिणी और उत्तर–पश्चिमी हिस्सा भीषण गर्मी की चपेट में। पारा सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस तक ऊपर पहुंचा।

02. प्रदेश में जनगणना दो हजार सत्ताईस के तहत अब तक तीन लाख अट्ठाईस हजार लोगों ने स्व–गणना में भाग लिया। एक मई तक चलेगी स्व–गणना की प्रक्रिया।

03. राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने राजस्व कर्मियों का निलंबन रद्द करने का निर्देश जारी किया।

04. और, राजगीर में खेले जा रहे सीनियर नेशनल रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप के पुरूष वर्ग में बिहार की शानदार शुरूआत। गुजरात, तेलंगाना और दिल्ली को पराजित कर लगायी जीत की हैट्रिक।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।